श्री विनोद सिंह गुंजियाल, सचिव, खेल विभाग की अध्यक्षता में दिनांक– 27.05.2026 (बुधवार) को अपराह्न 03:00 बजे आहूत बिहार राज्य भवन निर्माण निगम लि0, पटना की समीक्षात्मक बैठक की कार्यवाही

उपस्थिति

1. श्री संजय कुमार सिंह, महाप्रबंधक, बि0रा0भ0नि0नि0लि0, पटना।
2. श्री अजय कुमार, अवर सचिव, खेल विभाग।
3. श्री अमर गौरव, परियोजना प्रबंधक, बि0रा0भ0नि0नि0लि0, पटना।

कार्यवाही

I प्रगति यात्रा

सचिव, खेल विभाग द्वारा माननीय मुख्यमंत्री महोदय के प्रगति यात्रा के दौरान की गई घोषणाओं के संबंध में अद्यतन जानकारी प्राप्त किया गया।

बि0रा0भ0नि0नि0लि0, पटना के पदाधिकारियों द्वारा सूचित किया गया कि प्रगति यात्रा के दौरान कुल 14 घोषणाएं की गई है। सभी 14 योजनाओं में कार्य आवंटित किया गया है।

इस संबंध में बि0रा0भ0नि0नि0लि0, पटना के पदाधिकारियों को सभी योजनाओं में अविलम्ब कार्य कराने का निदेश दिया गया। कतिपय जिलों में कार्य करने में समस्या उत्पन्न हो रही है जिसका विवरण निम्न है–

क्र. सं.	जिला का नाम	निगम द्वारा परिलक्षित समस्या	सचिव द्वारा दिये गये निदेश
1.	जहानाबाद	कृषि विभाग का जमीन है। इस हेतु अनापत्ति प्रमाण–पत्र की आवश्यकता है।	इस संबंध में प्रधान सचिव, कृषि विभाग को स्मार पत्र भेजे जाने का निदेश दिया गया।
2.	भागलपुर	कृषि विभाग का जमीन है। इस हेतु अनापत्ति प्रमाण–पत्र की आवश्यकता है।	प्रधान सचिव कृषि विभाग, बिहार, पटना को स्मार पत्र भेजे जाने का निदेश दिया गया।
3.	अरवल	चिन्हित भूमि पर अतिक्रमण है।	इस संबंध में जिला पदाधिकारी, अरवल को स्मार पत्र भेजे जाने का निदेश दिया गया।
4.	बक्सर	उपलब्ध भूमि मात्र छः एकड़ होने के कारण अतिरिक्त भूमि की आवश्यकता है।	इस संबंध में जिला पदाधिकारी, बक्सर को स्मार पत्र भेजे जाने का निदेश दिया गया।

27.5.26

उक्त कार्य का अनुश्रवण श्री अजय कुमार, अवर सचिव द्वारा किया जायेगा।

II खेल भवन–सह–व्यायामशाला

महाप्रबंधक, परियोजना, बि0रा0भ0नि0नि0लि0, पटना द्वारा बताया गया कि कुल 13 योजनाएं खेल भवन–सह–व्यायामशाला से संबंधित है, जिनमें से बक्सर जिला को छोड़कर सभी 13 जिलों में निर्माण कार्य प्रगति पर है। बक्सर जिला में उत्पन्न समस्या निम्नवत है। जिसका निराकरण किया जाना आवश्यक है:–

क्र. सं.	जिला का नाम	समस्या	सचिव द्वारा दिये गये निदेश
1.	बक्सर	उक्त चिन्हित भूमि की समस्याओं का निराकरण किया जाय अथवा दूसरी नई भूमि चिन्हित किया जाय।	नयी भूमि चिन्हित कर प्रस्ताव उपलब्ध कराने हेतु जिला पदाधिकारी, बक्सर को पत्र भेजा जाय।

➢ निर्मित 25 खेल भवन–सह–व्यायामशाला में RO, A.C, Generator Set, Signage एवं CCTV Camera के अधिष्ठापन के संबंध में निगम द्वारा सूचित किया गया है कि दक्षिण बिहार एवं उत्तर बिहार दोनों हेतु निविदा खोल दिया गया है। इस संबंध में विभागीय सचिव द्वारा निगम को निदेश दिया गया कि अविलम्ब उक्त कार्य करना सुनिश्चित करेंगे। इस संबंध में अद्यतन प्रतिवेदन बि0रा0भ0नि0नि0लि0 से प्राप्त करें।

III प्रखंड स्तरीय आउटडोर स्टेडियम निर्माण

प्रखंड स्तरीय आउटडोर स्टेडियम निर्माण में बि0रा0भ0नि0नि0लि0, पटना द्वारा बताया गया कि कुल 78 नयी योजनाओं पर प्रशासनिक स्वीकृति विभाग द्वारा दी जा चुकी है, जिसमें 10 जिलों के कुल 15 प्रखंडों में आउटडोर स्टेडियम निर्माण में कतिपय समस्याएँ है। समस्याओं के निराकरण हेतु संबंधित जिला पदाधिकारी को पत्र भेजे जाने का निदेश दिया गया है।

IV माननीय मंत्री / सांसद / विधान सभा सदस्य से संबंधित मामले

माननीय मंत्री / सांसद / विधान सभा सदस्य से संबंधित मामलों तथा वैसे मामले जिसपर माननीया खेल मंत्री द्वारा निदेश अंकित गया है वैसे पत्रों की अलग–अलग सूची तैयार किये जाने का निदेश विभागीय सचिव द्वारा दिया गया।

(विनोद सिंह गुंजियाल)
सचिव।

ज्ञापांक–2005 पटना, दिनांक 3.6./2026

प्रतिलिपिः– निदेशक, खेल विभाग /मुख्य महाप्रबंधक, बि0रा0भ0नि0नि0लि0, पटना/ संयुक्त सचिव, खेल विभाग /सचिव के प्रधान आप्त सचिव / विशेष कार्य पदाधिकारी / परियोजना प्रबंधक, बि0रा0भ0नि0नि0लि0, पटना / सहायक निदेशक (क्रीड़ा / युवा) / अवर सचिव संबंधित प्रशाखा (04&05) / संबंधित सहायक प्रशाखा पदाधिकारी / आई०टी० मैनेजर / सभी जिला खेल पदाधिकारी / अधीक्षक शा0 शिक्षा / उपाधीक्षक शा0 शिक्षा, बिहार, को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

29.5.26

सचिव।